# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
## (जन–सम्पर्क शाखा)
## राजभवन, पटना–800022

*संख्या–46/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने कुलपतियों के साथ बैठक की

**पटना, 20 अप्रैल, 2025 :–**माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन में बिहार के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक की और महत्वपूर्ण निदेश दिये।

बैठक में 'चाणक्या टॉक्स' के संस्थापक श्री उज्ज्वल आनंद द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं की आंतरिक ऊर्जा, विवेक, नेतृत्व क्षमता एवं उद्यमिता विकास के संबंध में विस्तार से बताया गया।

माननीय राज्यपाल ने छात्र–छात्राओं के संचार कौशल (Communication Skills) के विकास पर जोर देते हुए कहा कि यह व्यक्तित्व के विकास के लिए आवश्यक है। इससे वे प्राप्त ज्ञान को बेहतर ढंग से अभिव्यक्त करते हुए उसे सम्प्रेषित कर सकेंगे। इसके लिए भाषाओं में प्रवीणता (Language Proficiency) आवश्यक है। उन्होंने 'चाणक्या टॉक्स' द्वारा शुरू किये जानेवाले कार्यक्रमों में इसपर विशेष ध्यान देने को कहा।

उल्लेखनीय है कि 'चाणक्या टॉक्स' का उद्देश्य कार्यशालाओं और वार्ताओं आदि के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करना, उन्हें मूल्यों और आदर्शों के प्रति जागरूक करना तथा सही दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित और सशक्त करना आदि है।

राज्यपाल को विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने भी अपने–अपने विश्वविद्यालय की गतिविधियों आदि से अवगत कराया।

राज्यपाल की अध्यक्षता में आहूत इस बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण, चाणक्या टॉक्स के पदाधिकारीण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

..........................................